भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Thursday, 04 October 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा सीकर, राजस्थान में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी ने सीकर में वीर शहीदों के परिवार की वीरांगना मातृशक्ति को सम्मानित किया

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार देश के जवानों के साथ हर कदम पर खड़ी है

****

जब हम विपक्ष में होते हैं, तब भी और जब हम सत्ता में होते हैं, तब भी हमारी प्राथमिकता सेना के वीर जवान और अमर शहीदों के परिवार ही होते हैं। हमने हमेशा पार्टी से ऊपर देश और देश की सुरक्षा में लगे वीर जवानों को माना है

****

विधान सभा और लोक सभा चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी की तैयारी जाति-पाति और धर्म-धर्म में लड़ाई करवा कर वोट हड़पने की है तो वहीं मोदी सरकार गरीबों के सशक्तिकरण, किसानों की भलाई और सैनिकों की सुरक्षा व सम्मान के लिए काम कर रही है

****

सोनिया-मनमोहन की यूपीए सरकार के समय कांग्रेस सरकार द्वारा सेना को पाकिस्तान की तरफ से कार्रवाई का जवाब नहीं देने दिया जाता था लेकिन आज सीमा पर खड़े वीर जवानों को मालूम है कि गोली का जवाब गोले से देना है। यही कारण है कि पाकिस्तान को अब दुगुना नुकसान उठाना पड़ रहा है

****

पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था लेकिन कांग्रेस पार्टी देश के वीर जवानों और देश के मेहनतकश किसानों, दोनों को भूल गई है जबकि मोदी सरकार ने देश के जवानों और देश के किसानों, दोनों को खुशहाल बनाने का सराहनीय प्रयास किया है

****

मोदी सरकार एक-एक घुसपैठिये को चिह्नित कर मतदाता सूची से बाहर करने का काम करेगी। हमने आज से ही रोहिंग्या घुसपैठियों को वापस भेजने की शुरुआत कर दी है

****

किसानों की समस्याओं के प्रति सतत संवेदनशील प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने खरीफ के साथ-साथ रबी फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है जिसकी कांग्रेस कल्पना भी नहीं कर सकती

****

सर्जिकल स्ट्राइक को राहुल गाँधी ने जवानों की वीरता को खून की दलाली करार दिया। राहुल गाँधी, आपको शहादत का मोल क्या मालूम, सर्जिकल स्ट्राइक का महत्त्व क्या मालूम? सर्जिकल स्ट्राइक से दुनिया का भारतवर्ष को देखने के नजरिये में व्यापक बदलाव करने का कार्य मोदी सरकार ने किया है

****

आजादी के बाद पहली बार देश की सेना को दुनिया की अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों से सुसज्जित करने का बीड़ा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ही उठाया है

****

प्रधानमंत्री जी ने देश के सामने 2022 तक विश्व की सबसे आधुनिकतम सेना बनाने का लक्ष्य रखा है। सेना के आधुनिकीकरण के लिए आजादी के बाद पहली बार 20 साल का रोडमैप बनाने का काम किया गया है

****

जब केंद्र में संवेदनशील मोदी सरकार आई तो प्रधानमंत्री जी ने एक वर्ष में ही ओआरओपी को लागू करने का निर्णय ले लिया। केंद्रसरकार द्वारा लगभग 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि पूर्व सैनिकों के खाते में सीधे पहुंचा दी गई है

****

राजस्थान सरकार ने अपने हर शहीद बेटे के घर पहुँचने का पवित्र प्रयास करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। राजस्थानकी भाजपा सरकार ने प्रदेश के 1700 से अधिक अमर जवानों के घर जाकर शहीदों का सम्मान करने का सराहनीय कदम उठाया है

****

विगत साढ़े चार सालों में 600 से ज्यादा आतंकवादी और 300 से ज्यादा नक्सलवादी मारे गए हैं, यह एक निर्णायक राष्ट्र की पहचान है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज सांवली रोड स्थित खेल स्टेडियम, सीकर में संभाग स्तरीय पूर्व सैनिकों के सम्मेलन को संबोधित किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश की सुरक्षा, सैनिकों के कल्याण एवं देश के विकास के लिए किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इससे पहले उन्होंने भारतीय शिक्षा संकुल, सांवली रोड, बाईपास (सीकर) में सीकर, झुंझनू और चूरू जिले की 21 विधानसभाओं के शक्ति केंद्र सम्मेलन को संबोधित किया।

श्री शाह ने विषम परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देने के लिए सदैव तत्पर रहने वाले सेना के वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि **समग्र राष्ट्र अपने बलिदानी वीर जवानों के शौर्य एवं पराक्रम के आगे नतमस्तक है।** राजस्थान को वीरों की भूमि बताते हुए उन्होंने कहा कि सीमा की सुरक्षा में लगे सबसे अधिक जवान राजस्थान से ही आते हैं, उसमें भी शेखावटी क्षेत्र सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि **कारगिल की लड़ाई में भी यहाँ के जवानों ने अपने शौर्य एवं साहस का अद्भुत परिचय दिया, मैं महान अमर सेनानियों को शत शत नमन करता हूँ।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार देश के जवानों के साथ हर कदम पर खड़ी है।** उन्होंने कहा कि **जब हम विपक्ष में होते हैं, तब भी हमारी प्राथमिकता सेना के वीर जवान और अमर शहीदों के परिवार ही होते हैं और जब हम सत्ता में होते हैं, तब भी हमारी प्राथमिकता सेना के वीर जवान और अमर शहीदों के परिवार ही हैं।**उन्होंने कहा कि **हमने हमेशा पार्टी से ऊपर देश और देश की सुरक्षा में लगे वीर जवानों को माना है।** उन्होंने कहा कि केंद्र में चाहे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार हो या श्री नरेन्द्र मोदी जी की भाजपा सरकार, हमने वीर जवानों के सम्मान के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखा, हमने हर समय सेना के मनोबल को बढ़ाने का काम किया, उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाये। उन्होंने कहा कि **अटल जी की भाजपा-नीत एनडीए सरकार ने वीर भूमि राजस्थान के पोखरण में ही परमाणु परीक्षण कर समग्र राष्ट्र के मनोबल को ऊपर उठाने का कार्य किया था।**

श्री शाह ने कहा कि **आजादी के बाद पहली बार देश की सेना को दुनिया की अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों से सुसज्जित करने का बीड़ा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ही उठाया है।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री जी ने देश के सामने 2022 तक विश्व की सबसे आधुनिकतम सेना बनाने का लक्ष्य रखा है। सेना के आधुनिकीकरण के लिए आजादी के बाद पहली बार 20 साल का रोडमैप बनाने का काम किया गया है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश की आजादी के बाद से ही सेना के जवान 'वन रैंक, वन पेंशन' की मांग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि **जब केंद्र में संवेदनशील मोदी सरकार आई तो प्रधानमंत्री जी ने**

एक वर्ष में ही ओआरओपी को लागू करने का निर्णय ले लिया। केंद्र सरकार द्वारा लगभग 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि पूर्व सैनिकों के खाते में सीधे पहुंचा दी गई है। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों में ही लगभग तीन लाख से अधिक सेना के भूतपूर्व जवानों के पुनर्वास के लिए उन्हें कार्य उपलब्ध कराया गया है। इतना ही नहीं, जब 2014 में केंद्र सरकार में आये थे, तब सेना के परिवारों के स्वास्थ्य के लिए केवल 1200 संस्थाएं कार्यरत थी जो आंकडा पिछले चार सालों में बढ़ कर 2400 से ऊपर पहुँच गई है। केंद्र सरकार ने सेना को मिलने वाले अलग-अलग भत्तों में भी वृद्धि की है।

श्री शाह ने कहा कि राजस्थान की वसुंधरा राजे सरकार ने भी 6 माह तक सेना में काम कर चुके जवानों के लिए 5000 रुपये के पेंशन की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि **राजस्थान सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने अपने हर शहीद बेटे के घर पहुँचने का पवित्र प्रयास करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य किया है।** ज्ञात हो कि **राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश के 1700 सेअधिक अमर जवानों के घर जाकर शहीदों का सम्मान करने का सराहनीय कदम उठाया है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **सोनिया-मनमोहन की यूपीए सरकार के समय कांग्रेस सरकार द्वारा सेना को पाकिस्तान की तरफ से कार्रवाई का जवाब नहीं देने दिया जाता था लेकिन आज सीमा पर खड़े वीर जवानों को मालूम है कि गोली का जवाब गोले से देना है। यही कारण है कि पाकिस्तान को अब दुगुना नुकसान उठाना पड़ रहा है।** उन्होंने कहा कि **विगत साढ़े चार सालों में 600 से ज्यादा आतंकवादी और300 से ज्यादा नक्सलवादी मारे गए हैं।** सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उरी में पाकिस्तान प्रेरित आतंकियों के कायराना हमले में जब हमारे सोये हुए वीर जवानों को शहीद कर दिया गया तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर सेना के वीर जवानों ने दुश्मन के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक किया और आतंकियों की कमर तोड़ कर रख दी। उन्होंने कहा कि **जब सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर वीरता की अद्भुत कहानी लिखी तो राहुल गाँधी ने जवानों की वीरता को खून की दलाली करार दिया। राहुल गाँधी, आपको शहादत का मोल क्या मालूम, सर्जिकल स्ट्राइक का महत्त्व क्या मालूम?** उन्होंने कहा कि **सफल सर्जिकल स्ट्राइक करते ही भारत अमेरिका और इजराइल जैसे मजबूत राष्ट्रों की लीग में शामिल हो गया जो अपनी एकता और अखंडता अक्षुण्ण रखने के लिए कोई भी कदम उठा सकता है।** उन्होंने कहा कि **सर्जिकल स्ट्राइक से दुनिया का भारतवर्ष को देखने के नजरिये में व्यापक बदलाव करने का कार्य मोदी सरकार ने किया है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **हम अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर करने के लिए एनआरसी लेकर आये हैं।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार एक-एक घुसपैठिये को चिह्नित कर मतदाता सूची से बाहर करने का काम करेगी। हमने आज से ही रोहिंग्या घुसपैठियों को वापस भेजने की शुरुआत कर दी है।**

श्री शाह ने कहा कि **पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था लेकिन कांग्रेस पार्टी देश के वीर जवानों और देश के मेहनतकश किसानों, दोनों को भूल गई है।** उन्होंने कहा कि आजादी के 70 सालों तक देश के किसान फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की माग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि **किसानों की समस्याओं के प्रति सतत संवेदनशील प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने खरीफ के साथ-साथ रबी फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है जिसकी कांग्रेस कल्पना भी नहीं कर सकती।** उन्होंने कहा कि पहले किसानों के लिए प्रभावी फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, नीम कोटिंग यूरिया, स्वाइल हेल्थ कार्ड, ई-मंडी, खरीफ फसलों की एमएसपी में डेढ़ गुना या इससे भी अधिक की बढ़ोत्तरी और अब रबी फसलों की MSP में यह ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी, मोदी सरकार की किसानों की भलाई के प्रति कटिबद्धता को प्रमाणित करती है। उन्होंने कहा कि अब गेहूं का समर्थन मूल्य 1840 रुपये, सरसों का 4200 रुपये, चना का 4620 रुपये, मसूर का 4475 रुपये और जौ का समर्थन मूल्य 1440 रूपये प्रति क्विंटल हो गया है जो किसानों के लिए काफी फायदेमंद सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि **'जय जवान, जयकिसान' को कांग्रेस सरकारें चरितार्थ नहीं कर पाई, पर मोदी सरकार ने देश के जवानों और देश के किसानों, दोनों को खुशहाल बनाने का सराहनीय प्रयास किया है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देशवासियों के स्वास्थ्य की चिंता को ध्यान में रखते हुए **'आयुष्मान भारत' योजना लेकर आये हैं जिसके तहत देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों को अर्थात् 50 करोड़ से अधिक लोगों को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की मुफ्त बीमा प्रदान किया जा रहा है।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले चार सालों में 30 करोड़ से अधिक लोगों के जन-धन खाते खोले, साढ़े 5 करोड़ गरीब महिलाओं को गैस सिलिंडर दिए, 7.5 करोड़ से अधिक करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया, दो करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई गई है, 18 करोड़ छोटे गरीब बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया है एवं दो करोड़ घरों का निर्माण किया गया है।

श्री शाह ने कहा कि **राजस्थान में विधान सभा चुनाव होने वाले है, फिर अगले वर्ष अप्रैल-मई में ही लोक सभा चुनाव भी होने वाला है और इसके लिए कांग्रेस पार्टी ने अपनी परंपरागत तैयारी कर ली है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी की तैयारी किसानों की मदद करना नहीं, शहीदों की मदद और उनका सम्मान करना नहीं, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को मुहैया कराना नहीं है**

बल्कि जाति-पाति और धर्म-धर्म में विभेद कर वोट बैंक की राजनीति करने की है। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी की तैयारी जाति-पाति और धर्म-धर्ममें लड़ाई करवा कर वोट हड़पने की है तो वहीं मोदी सरकार गरीबों के सशक्तिकरण, किसानों की भलाई और सैनिकों की सुरक्षा व सम्मान के लिए काम कर रही है।**